## बिहार सरकार
## लघु जल संसाधन विभाग

आ0सं0-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 312 /पटना, दिनांक- 13/11/25

## -:: आदेश ::-

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन सं0-02/2017 के आलोक में सहायक अभियन्ता(असैनिक) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित एवं लघु जल संसाधन विभाग आवंटित 18(अठारह) अभ्यर्थियों को विभागीय अधिसूचना सं0-6885 दिनांक-12.09.2025 द्वारा सहायक अभियन्ता(असैनिक) के पद पर औपबंधिक रूप से नियुक्ति की गयी है । उक्त अधिसूचना की कंडिका-6 में नवनियुक्त सहायक अभियन्ताओं(असैनिक) को निदेशित किया गया है कि "सभी नवनियुक्त सहायक अभियन्ता(असैनिक) को नियुक्ति आदेश निर्गत होने की तिथि से 15(पन्द्रह) दिनों के अन्दर लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना में योगदान करना अनिवार्य होगा" ।

उक्त समय-सीमा दिनांक-26.09.2025 को समाप्त होने के उपरान्त विभागीय आदेश सं0-285 सहपठित ज्ञापांक-7376 दिनांक-03.10.2025 द्वारा विभाग में योगदान नहीं करने वाले अभियन्ताओं के आवेदनों के आधार पर योगदान करने हेतु समय-सीमा को अगले 01 माह तक विस्तारित किया गया । उक्त विस्तारित अवधि भी दिनांक-26.10.2025 को समाप्त हो चुकी है ।

2. इसी क्रम में 01(एक) नवनियुक्त सहायक अभियन्ता श्री आशीष विश्वकर्मा द्वारा पूर्व नियोक्ता के स्तर से त्याग-पत्र स्वीकृत/विरमण-पत्र निर्गत होने में विलम्ब का उल्लेख करते हुए योगदान अवधि विस्तार करने से संबंधित आवेदन समर्पित किया गया है ।

3. अतः प्राप्त आवेदन पर सम्यक् विचारोपरान्त श्री आशीष विश्वकर्मा को विभाग में योगदान करने हेतु दिनांक-25.11.2025 तक अवधि विस्तारित किया जाता है ।

4. श्री आशीष विश्वकर्मा, नवनियुक्त सहायक अभियन्ता(असैनिक) को **अंतिम मौका प्रदान करते हुए** निदेशित किया जाता है कि वे विभाग में विस्तारित अवधि में निश्चित रूप से योगदान करना सुनिश्चित करेंगे । विस्तारित अवधि में योगदान नहीं करने की स्थिति में उनकी नियुक्ति/अभ्यर्थित्व को रदद् कर रिक्ति मानते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

ह0/-
**(सुशांत कुमार)**
**सरकार के संयुक्त सचिव**
**लघु जल संसाधन विभाग ।**

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) /पटना, दिनांक-

प्रतिलिपि-महालेखाकार(ले0 एवं हक0), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-
**सरकार के संयुक्त सचिव ।**

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) /पटना, दिनांक-

प्रतिलिपि- श्री आशीष विश्वकर्मा(ai2sh2010@gmail.com), नवनियुक्त सहायक अभियन्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-

**सरकार के संयुक्त सचिव ।**

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) /पटना, दिनांक-

प्रतिलिपि-माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सभी विभागीय पदाधिकारी, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-

**सरकार के संयुक्त सचिव ।**

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 8200 /पटना, दिनांक- 13/11/25

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

निदेश है कि उक्त आदेश को विभागीय वेबसाईट के नोटिस बोर्ड एवं बुलेटिन के रूप में प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगे ।

13/11/25

**सरकार के संयुक्त सचिव ।**